

# अखंड भारत समाचार






विज्ञापन दें













विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

8708565733


## राम मंदिर के दान में गबन: यहां से बरामद हुए 12 लाख; आरोपी कार मिस्त्री को एक साल पहले ट्रस्ट में मिली थी नौकरी

राम मंदिर के दानपात्र से कथित धन गबन मामले में रुदौली क्षेत्र से 10 से 12 लाख रुपये बरामद किए गए। आरोपी मंदिर कर्मी के घर पर कार्रवाई हुई। मामले की जांच जारी है। बरामद धनराशि के स्रोत व उपयोग की पड़ताल की जा रही है। लवकुश के पिता बच्चूलाल ने बताया कि ट्रस्ट के तीन-चार लोग उनके घर पहुंचे और ताला तोड़कर नकदी अपने साथ ले गए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस धन के बारे में कोई जानकारी नहीं थी क्योंकि वे गाजियाबाद में रह रहे थे।



उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फैजाबाद में बन रहे मकान का उनके बेटे से कोई संबंध नहीं है और मकान निर्माण के लिए उन्होंने 10-12 बीघा खेत गिरवी रखा है। ग्रामीणों के अनुसार, लवकुश पहले कार मिस्त्री था और मंदिर में नौकरी मिलने के बाद उसकी आर्थिक स्थिति तेजी से बदली थी। वहीं गांव में यह भी चर्चा है कि कुछ रुपये घूर में छिपाकर रखे गए थे, जिन्हें पुलिस ने बरामद किया है।आरोपी युवक लवकुश मिश्रा (27 वर्ष) राम मंदिर में कर्मी के तौर पर कार्यरत रहा। उस पर दानपात्र के चढ़ावे के पैसे का गबन करने का आरोप है। लवकुश के पिता बच्चूलाल ने बताया कि राम मंदिर से चंपत राय सहित तीन-चार लोग उनके घर आए थे।

# आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की भूमिका

🇮🇳 सामाजिक सेवा और राष्ट्रधर्म 🇮🇳

प्रिय देशवासियों,

राष्ट्रधर्म केवल सीमाओं की रक्षा करना या राष्ट्रगान गाना भर नहीं है। सच्चा राष्ट्रधर्म तब निभाया जाता है, जब हम अपने समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सुख-दुख को अपना समझते हैं और निस्वार्थ भाव से उसकी सेवा करते हैं।

जिस राष्ट्र के नागरिक सेवा, सहयोग और समरसता की भावना से कार्य करते हैं, वह राष्ट्र सदैव मजबूत और समृद्ध बनता है। समाज का उत्थान ही राष्ट्र की वास्तविक प्रगति है।

आज आवश्यकता है कि हम अपने आसपास के लोगों की सहायता करें, शिक्षा को बढ़ावा दें, स्वच्छता अपनाएं, पर्यावरण की रक्षा करें और समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करें। क्योंकि राष्ट्र केवल सरकारों से नहीं, बल्कि जागरूक और संवेदनशील नागरिकों से बनता है।

आचार्य चाणक्य ने कहा था कि राष्ट्र की शक्ति उसके नागरिकों की एकता और चरित्र में निहित होती है। वहीं स्वामी विवेकानंद का मानना था कि मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। इसलिए जब हम समाज की सेवा करते हैं, तब वास्तव में हम राष्ट्र की सेवा कर रहे होते हैं।

याद रखिए—

"जो समाज के लिए जीता है, वही सच्चे अर्थों में राष्ट्र के लिए जीता है।"

आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें—

✅ हर जरूरतमंद की सहायता करेंगे।
✅ शिक्षा और जागरूकता फैलाएंगे।
✅ स्वच्छ और स्वस्थ समाज बनाएंगे।
✅ जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे।
✅ सेवा, समर्पण और संस्कार को अपने जीवन का आधार बनाएंगे।

सामाजिक सेवा ही सच्चा राष्ट्रधर्म है।

आइए, ऐसा भारत बनाएं जहाँ हर नागरिक सम्मान के साथ जी सके और हर युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाए।

🇮🇳 वंदे मातरम्।
🇮🇳 जय हिंद।

– सुश्री सुषमा
संस्थापक, अखंड भारत सेना



## भारतीय जहाजों पर हमलों के बीच ईरान ने होर्मुज में दागे ड्रोन, निशाने पर थे कॉमर्शियल शिप्स



होर्मुज स्ट्रेट में तनाव एक बार फिर बढ़ गया है. अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उसने कॉमर्शियल जहाजों को निशाना बनाने जा रहे कई ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं. यह अटैक ऐसे समय किया गया है कि जब तीन भारतीय जहाजों पर हमले हुए हैं. भारतीय जहाजों पर हमलों के बीच ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में कई ड्रोन दागे हैं. अमेरिकी सेना का दावा है कि उसने कॉमर्शियल जहाजों को निशाना बनाने के लिए भेजे गए कई ईरानी "वन-वे अटैक ड्रोन" मार गिराए. इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया कि ईरान ने ही होर्मुज स्ट्रेट से निकल रहे भारतीय जहाजों पर भी ड्रोन अटैक की कोशिश की थी. अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे कॉमर्शियल जहाजों को निशाना बनाने के लिए कई अटैक ड्रोन लॉन्च किए थे. CENTCOM के मुताबिक, अमेरिकी बलों ने इन सभी ड्रोन को मार गिराया. बयान में कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए यह अहम समुद्री गलियारा पूरी तरह खुला हुआ है और जहाजों की आवाजाही जारी है.

## Iran Uranium: 'ईरान के यूरेनियम भंडार पर हमला मतलब मौत', IRGC ने साइटों पर बिछाया बारूदी सुरंगों का जाल, ट्रंप फंसे!



Iran Uranium: ईरान का यूरेनियम इजरायल और अमरिका के लिए लगातार एक परेशानी वाला मुद्दा रहा है। अमेरिका इस पर अपना नियंत्रण चाहता है जबकि ईरान इसे छोड़ना नहीं चाहता है। ईरान अपने संवर्धित यूरेनियम को किसी हमले के खिलाफ पहले के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित कर दिया है। ईरान यह तय कर रहा है कि यूरेनियम को अमेरिकी फोर्स हमला करते हुए कब्जे में लेना चाहें तो यह उनके लिए तकरीबन नामुमकिन मिशन साबित हो। ईरानी यूरेनियम भंडार को सील करते हुए इन तक जाने वाले रास्तों पर विस्फोटक माइन्स (बूबी ट्रैप) लगा रहे हैं। ऐसे में अमेरिकी यूरेनियम तक जाने की कोशिश करेंगे तो यह उनके लिए यह बड़े नुकसान का सबब बनेगा। सीएनएन के मुताबिक, अमेरिकी इंटेलिजेंस से जुड़े पांच सूत्रों ने दावा किया है कि हालिया हफ्तों में ईरान ने बम बनाने लायक यूरेनियम के अपने भंडार को सील करने का काम बहुत तेजी से किया है। वे जानबूझकर उन सुरंगों को ढहा रहे हैं, जहां यूरेनियम रखा हुआ है और एंट्री पॉइंट पर बारूदी सुरंगे बिछा रहे हैं।

# जोरहाट में वायु सेना विमान क्रैश में दो अफ़सरों और दो अग्निवीरवायु समेत पांच जवानों की मौत



असम के जोरहाट एयर फ़ोर्स स्टेशन पर शनिवार को भारतीय वायु सेना का एक एएन-32 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ़्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गया. भारतीय वायु सेना ने एक्स पर पोस्ट कर इस दुर्घटना में मारे गए जवानों की जानकारी दी है. वायु सेना ने बताया है कि इस घटना में पांच वायु सेना कर्मियों की मौत हुई है. इनमें स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ़्लाइट लेफ़्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम शामिल हैं. इससे पहले दुर्घटना के बाद इसको लेकर वायु सेना के प्रवक्ता विंग कमांडर जयदीप ने बीबीसी न्यूज़ हिंदी को जोरहाट एयर फ़ोर्स स्टेशन में एएन-32 के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि की थी. हादसे को लेकर भारतीय वायु सेना ने एक्स पर बताया था, "भारतीय वायु सेना का एएन-32 एयरक्राफ़्ट आज जोरहाट में लैंडिंग के समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस हादसे के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ़ इन्क्वायरी बिठाई जा रही है."भारतीय वायु सेना ने एक्स पर एक पोस्ट कर बताया, "असम के जोरहाट में हुए एएन-32 विमान हादसे में पांच जवानों की जान गंवाने पर गहरा शोक व्यक्त करती है." स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ़्लाइट लेफ़्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया."

### India vs Afghanistan Live Score, 1st ODI: अफगानिस्तान ने भारत को दिया 195 रनों का टारगेट, गुरबाज का शतक



India (IND) vs Afghanistan (AFG) Live Score, 1st ODI: धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में भारत और अफगानिस्तान आमने-सामने हैं. वर्ल्ड कप 2027 के लिहाज से भारतीय टीम के लिए अब हर मुकाबला महत्वपूर्ण है. कोहली और हार्दिक के बिना इस सीरीज में युवा खिलाड़ियों पर बड़ी जिम्मेदारी है. भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज (13 जून) धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (HPCA) स्टेडियम में है. मुकाबले में अफगानिस्तान ने भारतीय टीम को जीत के लिए 195 रनों का टारगेट दिया है. बारिश के चलते मुकाबले को 25-25 ओवरों का कर दिया गया है.भारतीय टीम इस वनडे सीरीज में हार्दिक पंड्या और विराट कोहली के बगैर उतरी है. अच्छी बात यह है कि रोहित शर्मा पूरी तरह फिट हैं और उनका अनुभव टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण है. अफगानिस्तान की टीम में राशिद खान, मोहम्मद नबी जैसे अनुभवी खिलाड़ी है, जो मैच का नक्शा पलटने में माहिर हैं. टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी अफगानी टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही. पावरप्ले में ही अफगानी टीम ने 26 रनों के स्कोर तक तीन विकेट खो दिए. डेब्यूटेंट तेज गेंदबाज गुरनूर बरार ने इब्राहिम जादरान (1 रन) को आउट कर भारत को पहली कामयाबी दिलाई.

### मनु भाकर के गुरु जसपाल राणा का निधन: पीएम मोदी ने जताया दुख, राजनाथ बोले- कोच के साथ नेकदिल इंसान थे



Jaspal Rana Passed Away: दिग्गज शूटर जसपाल राणा के अचानक निधन से हर कोई हतप्रभ है। पीएम मोदी और राजनाथ सिंह ने उनके निधन पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जसपाल राणा का जाना भारतीय खेल जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मशहूर निशानेबाज और कोच के रूप में मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में दो पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले जसपाल राणा का निधन हो गया है। वह 49 वर्ष के थे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत राजनीतिक दिग्गजों ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने निशानेबाज जसपाल राणा के निधन पर दुख व्यक्त किया और कहा कि उनका जाना भारतीय खेल जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि जसपाल राणा के निधन से गहरा दुख हुआ। उनका जाना भारतीय खेल जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने शूटिंग में अपनी असाधारण उपलब्धियों से देश का मान बढ़ाया। एक मेंटॉर के तौर पर भी उनका योगदान उतना ही उल्लेखनीय रहा। उन्होंने अत्यंत समर्पण के साथ युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया और उनका मार्गदर्शन किया।

### रणवीर की 'धुरंधर' ने भोजपुरी प्रोड्यूसर को बनाया करोड़पति, रवि किशन का खुलासा



भोजपुरी सुपरस्टार रवि किशन ने 'धुरंधर: द शूटर' (2013) नाम की एक भोजपुरी फिल्म में काम किया था और रणवीर सिंह की इसी नाम वाली हिंदी फिल्म के रिलीज होने के बाद वह फिल्म अब वायरल हो गई है. इस पर एक्टर ने रिएक्शन दिया है. आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर के दोनों पार्ट पर दुनियाभर के लोगों ने जमकर प्यार लुटाया. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर चुन-चुनकर रिकॉर्ड तोड़ डाले. अब इस फिल्म के बीच एक्टर रवि किशन की भी मौज हो गई. इसके पीछे की वजह खुद एक्टर ने बताई है. दरअसल साल 2014 में आई रवि किशन की फिल्म 'धुरंधर: द शूटर', रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर के आने के बाद से अचानक सुर्खियों में आ गई. उस दौरान भोजपुरी 'धुरंधर' के सीन सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे थे. लोगों ने तो इसे ही बॉलीवुड की धुरंधर का रीमेक तक बता दिया. अब इस पर रवि किशन ने रिएक्ट किया है.


OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) – Global Strategic Partner of Antra Group
ANTRA DEVELOPERS
India's Fastest Growing Real Estate Company
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
Antra
Antra Developers
RESIDENTIAL
Premium Living Spaces
INDUSTRIAL
Powering Business Growth
COMMERCIAL
Building Successful Ventures
PLOTTING
Smart Plots for a Secure Future
High Growth Potential
Secure Investment
Excellent Returns
Trusted by Thousands
FUTURE-READY
INVESTMENT
TRUSTED NAME
DEALING IN DHOLERA SMART CITY PLOTTING
India's One of the Largest Growing Companies
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com
Call / WhatsApp
7878781509 | 8708565733
www.antradevelopers.com


Antra
Antra Developers
INDIA'S FASTEST GROWING REAL ESTATE COMPANY
OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) - Global Strategic Partner of Antra Group
YOUR VISION. OUR MISSION.
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
RESIDENTIAL
INDUSTRIAL
COMMERCIAL
SMART CITY PLOTTING
India's One of the Largest Growing Companies
Future-Ready Investment
Trusted Name for Generations
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com | Call / WhatsApp: 7878781509 | 8708565733 | www.antradevelopers.com


OICCI
Antra
हर कदम भरोसे का हर दिशा विकास की
हम लेकर आ रहे है
आपके शहर में
DHOLERA SMART CITY
CEO CONCLAVE 2026
देशभर के उद्यमपतियों, निवेशकों, बिजनेस लीडर्स और चैनल पार्टनर्स को
CEO CONCLAVE में आमंत्रित कर रहे है।
भविष्य के भारत की सबसे बड़ी
SMART CITY OPPORTUNITY
पर विशेष चर्चा
★ You Are Invited ★
INVESTMENT OPPORTUNITIES
FUTURE INFRASTRUCTURE
BUSINESS NETWORKING
WEALTH CREATION
CHANNEL PARTNERS
8708565733
7878781509
www.antradevelopers.com




## दिल्ली: इस दिन बंद रहेंगे पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड केंद्र, 15 जून से लागू होगी नई व्यवस्था

दिल्ली वालों के लिए जरूरी खबर सामने आ रही है। डीटीसी एनसीएमसी 'पिंक सहेली' स्मार्ट कार्ड वितरण केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों को हर सोमवार को साप्ताहिक छुट्टी देने का फैसला किया है। 'पिंक सहेली' स्मार्ट कार्ड के जरिए महिलाओं को बस में मुफ्त में यात्रा करने की व्यवस्था की गई है। राजधानी दिल्ली परिवहन निगम ( डीटीसी ) ने एनसीएमसी 'पिंक सहेली' स्मार्ट कार्ड वितरण केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों को हर सोमवार को साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया है। यह व्यवस्था 15 जून से लागू होगी। विभाग के इस पहल की वजह से अब सोमवार को पिंक सहेली स्मार्ट केंद्र बंद रहेंगे। डीटीसी द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार, दिल्ली सरकार की पिंक सहेली योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा सुविधा देने के लिए NCMC स्मार्ट कार्ड वितरण अभियान 3 मार्च 2026 से शुरू किया गया था। शुरुआत में करीब 50 केंद्रों से शुरू हुई यह व्यवस्था बढ़कर 70 से अधिक केंद्रों तक पहुंच गई। अब तक 10 लाख से अधिक पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड जारी किए जा चुके हैं।










